सत्यमेव जयते

UPPSC/UPPCS
Exam Paper

# यूपीपीएससी – यूपीपीसीएस

# मुख्य परीक्षा 2020

# वैकल्पिक विषय

# प्रश्न पत्र

## “समाज शास्त्र द्वितीय प्रश्न पत्र”

परीक्षा तिथि: 25th जनवरी 2020

No. of Printed Pages : 3

Serial No. 50584 28

# PSL – 11/20-Paper-II

## समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र – II)

## SOCIOLOGY (PAPER – II)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

विशेष अनुदेश :
(i) दो खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिए गये हैं, जो हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।
(ii) प्रत्येक खण्ड से कम से कम **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंत में निर्धारित अंक अंकित हैं।
(iv) **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं।

**Specific Instructions :**
(i) There are total **eight** questions in **two** Sections, printed in both **Hindi** and **English**.
(ii) Answer **five** questions, selecting atleast **two** questions from **each** Section.
(iii) Marks are given against **each** of the question.
(iv) **All** questions carry **equal** marks.

### खण्ड – अ / SECTION – A

1. (a) हिन्दू धर्मशास्त्रों में प्रतिपादित कर्म के सिद्धान्त की विवेचना कीजिए। यह पुनर्जन्म के सिद्धान्त से किस प्रकार संबंधित है ? (7+8)
Discuss the doctrine of Karma as enunciated in the Hindu scriptures. How it is related to the doctrine of rebirth ?

(b) हिन्दू विवाह पर सामाजिक विधानों के प्रभावों की चर्चा कीजिए। 15
Discuss the impact of social legislations on Hindu marriage.

(c) 'हिन्दूवाद वैयक्तिक गतिशीलता को स्वीकृति देता है यदि कोई जाति को त्याग दे।' टिप्पणी कीजिए। 10
'Hinduism allows for individual mobility provided one renounces the caste.' Comment.

2. (a) क्या हरित क्रान्ति के लाभ कृषि श्रमिकों तक पहुँचे हैं ? इसने किस प्रकार भूस्वामियों से उनके सम्बन्धों को प्रभावित किया है ? (7+8)
*Did the benefits of Green Revolution trickle down to agricultural labourers ? How did it affect their relations with land owners ?*


Downloaded from: http://studymarathon.com/

(b) नातेदारी व्यवस्था से आप क्या समझते हैं ? भारतीय जनजातियों में प्रचलित विभिन्न नातेदारी-प्रथाओं की विवेचना कीजिए। (5+10)

What do you understand by kinship system ? Discuss the various kinship-customs prevalent among Indian tribes.

(c) 'परिवार भी शोषण तथा हिंसा का एक स्थल है।' टिप्पणी कीजिए। 10

'Family is also a site of exploitation and violence.' Comment.

3. (a) 'भारत में शैक्षणिक अवसरों में अभी भी अत्यधिक असमानता है।' विवेचना कीजिए। 15

'Educational opportunities in India are still highly unequal.' Discuss.

(b) असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर उदारीकरण तथा इसके परिणामी श्रम सुधारों के प्रभावों की विवेचना कीजिए। 15

Discuss the impact of liberalization and its consequent labour reforms on labourers of unorganized sector.

(c) भारतीय राजनीति के सामाजिक आधारों की विवेचना कीजिए। 10

Discuss the social bases of Indian politics.

4. (a) जाति पंचायत क्या है ? ग्रामीण समाज की विभिन्न समस्याओं के समाधान में इसके महत्त्व की विवेचना कीजिए। (5+10)

What is caste panchayat ? Discuss its significance in solving various problems of rural society.

(b) '1990 से भारतीय राज्य की विकास वैचारिकी में समाजवाद से उदारीकृत राज्य की ओर परिवर्तन हुआ है।' टिप्पणी कीजिए। 15

'Since 1990 there has been a shift in the Indian state's developmental ideology from socialism to liberalizing state.' Comment.

(c) 'दलितों में उदीयमान चेतना उनमें बढ़ती हुई आर्थिक आकांक्षाओं का परिणाम है, जो वैश्वीकरण तथा सांस्कृतिक आधुनिकीकरण के द्वय बल से गतिमान है।' विवेचना कीजिए। 10

'Emerging consciousness among Dalits is result of rising economic aspirations driven by the twin forces of globalization and cultural modernization.' Discuss.

## खण्ड – ब/SECTION – B

5. (a) विकास परियोजनाओं ने जनजातीय जनसंख्या को वृहद स्तर पर विस्थापित किया है तथा उनकी सांस्कृतिक विरासत तथा सामुदायिक जीवन को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित किया है। विवेचना कीजिए। 15

Development projects have led to large scale displacement of tribal population and have adversely affected their cultural heritage and community life. Discuss.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

(b) भारत में उदीयमान ग्रामीण नेतृत्व के प्रतिमानों की चर्चा कीजिए।
Discuss the emerging patterns of rural leadership in India. 15

(c) 'भारत के अधिकांश नगरीय केन्द्रों की अवनति अनियोजित नगरीय वृद्धि के बजाय प्रव्रजन में निहित है।' टिप्पणी कीजिए।
'The deterioration of many of India's urban centres lies in migration rather than in unplanned urban growth.' Comment. 10

6. (a) ग्रामीण ऋणग्रस्तता क्या है ? इसके प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए।
What is rural indebtedness ? Discuss its major causes. (5+10)

(b) भारत में जनजातियों की मुख्य समस्याएँ क्या हैं ? जनजातियों के कल्याण के लिए भारत सरकार के प्रयासों की विवेचना कीजिए।
What are the major problems of tribes in India ? Discuss the efforts of Indian government for the welfare of tribes. (5+10)

(c) परम्परागत ग्राम पंचायतें, संवैधानिक ग्राम पंचायतों से किस प्रकार भिन्न हैं ? वर्तमान समय में ग्रामीण भारत में ग्राम पंचायतों की भूमिका की चर्चा कीजिए।
How traditional village panchayats are different from statutory village panchayats ? Discuss the role of village panchayats in rural India at present ? (5+5)

7. (a) कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न से महिलाओं की सुरक्षा में कार्य स्थल यौन उत्पीड़न अधिनियम – 2013 की सफलता का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
Critically evaluate the success of the Sexual Harassment at Workplace Act – 2013, in protecting women from sexual harassment at workplace. 15

(b) सामाजिक परिवर्तन के आन्तरिक एवं बाह्य स्रोतों से आप क्या समझते हैं ? वर्तमान में एक बाह्य स्रोत के रूप में जनसंचार की भूमिका की विवेचना कीजिये।
What are the endogenous and exogenous sources of social change ? Discuss the role of mass media, as an exogenous source in the present times. (5+10)

(c) धार्मिक बहुलतावाद की जड़ें हिन्दू परम्परा में निहित है। टिप्पणी कीजिए।
Religious pluralism has its roots inside the Hindu traditions. Comment. 10

8. (a) संस्कृतिकरण जाति गतिशीलता का एक सिद्धान्त है। व्याख्या कीजिए।
Sanskritization is a principle of caste mobility. Explain. 15

(b) 'पूर्व के कृषक आंदोलन स्वत: स्फूर्त थे तथा उनकी कोई संगठित संरचना नहीं थी।' परीक्षण कीजिए।
'Earlier Peasant movements were spontaneous and they did not have any organized structure.' Examine. 15

(c) 'धर्मनिरपेक्षतावाद एक राजनैतिक विषय-वस्तु बन चुका है।' टिप्पणी कीजिये।
'Secularism has become a political issue.' Comment. 10



Downloaded from: http://studymarathon.com/